15-JULY- RGH -BHOOMI-PG-4_Layout 1 7/15/2024 10:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना शिविर में 43 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री बाल सन्दर्भ योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग क़े सहयोग से कोसीर ग्राम पंचायत में 43 गंभीर कुपोषित बच्चों का परीक्षण कर दवाएं उपलब्ध करवाई गई। 19 कुपोषित बच्चों को सुपोषण क़े लिए पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी में नियमित जाकर भरण पोषण और आहार का नियमित सेवन करने के लिए चयन किया गया है। इस योजना अंतर्गत कुपोषित बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर लाकर कुपोषण की दर में कमी लाने हेतु योजना का संचालन कराया जा रहा है। इस योजना के तहत कुपोषित एवं संकटग्रस्त बच्चों को चिकित्सीय परीक्षण एवं बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

### तबादले के बावजूद पंचायत सचिव नहीं सौंप रहे प्रभार




**बाकारूमा।** धरमजयगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत चरखा पारा की सचिव का स्थानांतरण दूसरी जगह होने की बावजूद भी अपना प्रभार दूसरे सचिव को नहीं दिया जा रहा है विदित हो कि चरखा पारा के सचिव विजय कुमार पैंकरा का स्थानांतरण लोकसभा चुनाव से पूर्व हो चुका है लेकिन चुनाव संपन्न होने की बावजूद भी वह अपना कार्यभार नहीं छोड़ रहे हैं जनपद सीईओ द्वारा कई बार सरपंच को नोटिस भी दिया गया लेकिन सचिव द्वारा कार्यभार नहीं छोड़ रहे जो कि कई संदेहास्पद विवादो को जन्म दे रहा है चरखा पारा पंचायत के निवासी मुरली साहू द्वारा बताया गया कि सचिन का ट्रांसफर हुए करीब 5 महीने हो गए हैं लेकिन यह सचिव अंगद के पांव जैसे जमाकर पंचायत मेबैठे हुए हैं उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत में सचिव द्वारा ग्रामीणों का कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है तथा सचिव द्वारा मवेशी बाजार एवं पंचायत की निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार किया गया है जिसको की लिपौती करने के लिए अपना कार्यभार नहीं छोड़ रहे हैं हम सभी ग्रामवासी सचिव के मनमानी से परेशान हैं।

### सही परवरिश योग्य भविष्य पर जेसीआई का सेमिनार 28 को

**रायगढ़।** जेसीआई रायगढ़ सिटी 28 जुलाई को उचित परवरिश नामक प्रशिक्षण शहर के एक होटल में आयोजित करने की तैयारी कर रही है। इसमें संस्था के जाने माने राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक जेसीआई सीनेटर जैसी केशव जैन चंडीगढ़ के द्वारा कैसे अपने बच्चों की उचित ढंग से परवरिश की जाए ताकि वे आगे चलकर अपना तथा देश का भविष्य सुरक्षित कर सकें एवं राष्ट्र के लिए एक संपत्ति बन सकें, जिससे कि हर माता पिता को अपने बच्चों पर गर्व होए इस विषय पर उनके द्वारा बहुत गहराई से प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनके द्वारा देश एवं विदेशों में इस विषय पर सैंकड़ों प्रशिक्षण सत्रों में अपने व्याख्यान दिए गए हैं और उनके व्याख्यानों के माध्यम से असंख्य परिवारों ने लाभ उठाया है। संस्था की ओर से इस प्रोग्राम के निदेशक जेसी आनंद मोदी स्कूल जोन सुभाष चौक एवं सह निदेशक जेसी सीए शुभम बोंदिया हैं एवं उनके द्वारा इस प्रोग्राम की भरपूर तैयारी की जा रही है।

## निधन

### इंदु यादव

**रायगढ़।** प्रगतशील यादव महासंघ रायगढ़ के मार्गदर्शक सेवानिवृत्ति मुख्य नगर पालिका अधिकारी गोरखनाथ यादव की धर्मपत्नी श्रीमती इंदु यादव का निधन 14 जुलाई की रात्रि में हो गया। दिवंगत श्रीमती यादव महासंघ के आजीवन सदस्य व लालटंकी निवासी दीपक यादव, अमित यादव, मिलिन्द यादव की माता थी। अंतिम यात्रा कल 15 जुलाई को सुबह 9 बजे निज निवास से निकाली गई और से कयाघाट मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

## पेज 1 का शेष...

### शमशान में मिले महिला ....

उन्होंने यहां देखा कि गुलापी बाई की साड़ी, चश्मा और चप्पल चिता के पास तो है लेकिन महिला कहीं नहीं है। घरवालों को आशंका है कि गुलपी बाई भावनाओं में बहकर अपने पति की चिता में बैठकर सती हो गई। पुलिस इसे गुमशूदगी मानकर छानबीन कर रही है वहीं मृतक के परिजन और ग्रामीण महिला को सती बता रहे हैं। तालाब में डूबने की आशंका भी- श्मशान घाट के बगल में एक तालाब है, जिससे महिला के उसमें डूब कर आत्महत्या करने की आशंका भी जताई जा रही है। इस कारण तालाब में सर्चिंग कराने की बात कही जा रही है। बहरहाल 24 घंटे बीत जाने के बाद भी रहस्य बरकरार है। गुलापी गुप्ता के गायब होने की घटना ने पुलिस के माथे पर भी बल ला दिया है। फिलहाल सती होने की बात पर संदेह जताया जा रहा है और फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारी भी इसमें शामिल हो चुके हैं।

मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी-परिजनों की सूचना पर पुलिस रात को मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। चक्रधर नगर थाना प्रभारी प्रशांत राव का कहना है कि आज के इस दौर में यह संभव नहीं है, किंतु संदेह के आधार पर शवदाह स्थल से राख और हड्डियों के अवशेष को इकट्ठा कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### जारी की जा रही नोटिस लेकिन कार्रवाई नहीं

# 75 उद्योगों पर 194 करोड़ का जल कर बताया

# 51 उद्योग बगैर अनुमति कर रहे जल दोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ज़िले में भारी मात्रा में पानी की बर्बादी कर रहे उद्योग जल संरक्षण से विपरीत काम करते हैं। नियमों के तहत जो जलकर अधिरोपित किया जाता है वह भी नहीं चुकाया जाता। 2023 की स्थिति में जिले के करीब 75 उद्योग ऐसे हैं जिन्होंने जलकर ही नहीं दिया है। किसी का बकाया हजारों में है तो किसी को लाखों में और कुछ का करोड़ों में। इन उद्योगों को 194 करोड़ रुपए जलकर जमा किया जाना है। 51 उद्योग ऐसे भी हैं जो बिना अनुमति के ट्यूबवेल खनन कर भूजल दोहन कर रहे हैं।

उद्योगों को अलग अलग स्त्रोतों केलो डैम, महानदी, कलमा बैराज, साराडीह बैराज, छोटी नदी नालों से पानी की आपूर्ति की जाती है। इसके लिए जल संसाधन विभाग एग्रीमेंट करता है। इसके तहत ही महीने जलकर की राशि कंपनी को जमा करनी होती है। कई उद्योगों ने लंबे समय से रकम जमा ही नहीं की। सबसे ज्यादा बकाया वीसा पावर 50 करोड़, मोनेट इस्पात वर्तमान में जेएसडब्ल्यू स्टील 21 करोड़, श्याम इस्पात 6 करोड़, सेलेनो स्टील 5 करोड़, महावीर एनर्जी 5 करोड़, अंजनी स्टील 20 करोड़, जेपीएल व जेएसपीएल 2 करोड़ रुपए है। इन उद्योगों को नोटिस जारी किया जाता है लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती। जल संसाधन विभाग की ओर से इनको खुली छूट दी जाती है।




**यह हैं नियम:** जल संसाधन विभाग अपने ही नियमों को लागू नहीं कर पा रहा है। मासिक जलकर प्राप्त किए जाने से 30 दिन के अंदर कंपनी को भुगतान करना होता है। बिल की तारीख से तीन महीने के अंदर भुगतान नहीं करने पर 24 प्रश ब्याज व एक प्रश वार्षिक दर से शुल्क की वसूली की जानी है। छह महीने तक जलकर नहीं देने पर एग्रीमेंट निरस्त होना माना जाता है।

### 51 को अनुमति नहीं फिर भी निकाल रहे पानी

गिरते भूजल स्तर को संभालने के लिए प्रशासन के प्रयास बेहद लचर हैं। केवल बोरवेल खनन पर प्रतिबंध का आदेश जारी कर अफसर कर्तव्य पूरा कर लेते हैं। जबकि उद्योगों में जमकर भूजल दोहन किया जा रहा है। जिले में 51 उद्योग ऐसे हैं जिनको अनुमति नहीं होने के बावजूद ट्यूबवेल खनन कर भूजल दोहन किया जा रहा है। केवल दो ने ही अनुमति ली है। उद्योगों को भूजल दोहन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। बिना अनुमति वाले उद्योगों में सालासार स्टील, सेलेनो स्टील, शिवशक्ति स्टील, शाकम्भरी इस्पात, मां मंगला इस्पात, आरआर एनर्जी, जेएसपीएल गेजामुड़ा आदि हैं।

# 15 टन कबाड़ और एक ट्रक जब्त, 6 गिरफ्तार



**रायगढ़।** 13 सितंबर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में पूंजीपथरा पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर ट्रक में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे कबाड़ जब्त किया गया है। कबाड़ भरे ट्रक क्रमांक सीजी 13 ए.वाई 3801 को सालसर चौक शनि मंदिर गेरवानी के पास पकड़ा गया जिसमें लोड 9 टन अवैध कबाड़ (कीमती 3 लाख रूपए की विधिवत आरोपी वाहन चालक दिलीप कुमार पिता चिंता प्रजापति उम्र 24 साल निवासी मौदहा थाना मौदहा जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश के कब्ज से जब्ती किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना पूंजीपथरा में इस्तगासा धारा 35(क),(ड) बीएनएस/ 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है।

वहीं 14 सितंबर को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर टीआई राकेश मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्र के ढाबा और ट्रांसपोर्ट दुकान की आड़ में अवैध रूप से कबाड़ की क्रय करने वाले स्थानों पर पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर 05 व्यक्तियों को पकड़ा गया है। पुलिस टीम ने ऋषभ रोड लाइंस पूंजीपथरा के पास कबाड़ दुकान संचालित करने वाले आरोपित सौरभ सिंह के कब्जे से पुराने साइकिल पार्ट्स, लोहे के खम्भे करीब 1 टन कबाड़ की जब्ती की गई। बिन्नी ढाबा पूंजीपथरा के पास आरोपी राकेश महंत के कब्जे से 19 बोरी मैग्नीज और 40 क्विंटल लोहे का स्क्रैप जप्त किया गया। महुआ ढाबा गेरवानी के पास आरोपी घनश्याम नाग के कब्जे से 13 बंडल सरिया करीब 1 टन की जप्ती की गई है।

## नारायणपुर सर्किल में हाथियों का आतंक



ग्राम बनकोम्बो में विचरण करते हाथियों का झूंड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कुनकुरी रेंज के अंतर्गत ग्राम बनकोम्बो में शनिवार रात 4 दंतैल हाथी का आतंक देखने को मिला। जहां एक मकान में जमकर तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं किसान परिवार के धान और चावल को भी बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

बनकोम्बो निवासी बालेश्वर यादव के घर को चार जंगली हाथी द्वारा ध्वस्त करते हुए घर में रखे धान को खाकर एवं छिटककर बर्बाद कर दिया। बालेश्वर यादव ने बताया कि रात लगभग 12 से 1 बजे हाथी सारंगडांड़ की ओर से आया। हम सभी परिवार सोए हुए थे। अचानक दीवार गिरने की आवाज आई तो हम सब परिवार उठे तो देखे कि हाथी घर को ध्वस्त कर दिया है। घर में रखा धान थोड़ी दूर लेकर खाया और बर्बाद किया। बड़ी मशक्कत से हाथी को भगाया जा सका। ज्ञात हो कि कुनकुरी रेंज के चराईमारा जंगल मे विगत डेढ़ माह से हाथी अपना डेरा जमाए हुए हैं। हाथी से रानीकोम्बो, सारंगडांड़, पुटुकेला, सतीतला, मटासी, टांगर टोली, बोड़ालता आदि गांवों के ग्रामीण जंगली हाथियों से परेशान है और रातजगा करने में मजबूर हैं। सभी गांव के ग्रामीण वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा हाथी भगाने के लिए टार्च की व्यवस्था नहीं करने से सभी खासा नाराज चल रहे हैं।

### कार से प्रतिबंधित सिरप किया जब्त, आरोपी फरार

**पत्थलगांव।** जशपुर पुलिस ने कार से भारी मात्रा में प्रतिबंधित 117 नग सिरप जब्त किया है। जिसकी कीमती 20 हजार रूपए है। कार क्र. सी.जी. 12 डी 9356 में सिरप की तस्करी कर रहा आरोपी शिवदत्त शर्मा कार को छोड़कर फरार हो गया। जिसकी पतासाजी की जा रही है। आरोपी के विरूद्ध थाना पत्थलगांव में धारा 8, 21(सी) एन.डी.पी.एस. का अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि तमता निवासी शिवदत्त शर्मा कार क्र. सी.जी. 12 डी 9356 में भारी मात्रा में नशीली प्रतिबंधित सिरप रखकर डुमरबहार की ओर जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल एसडीओपी पत्थलगांव व थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनित पाण्डेय के नेतृत्व में टीम गठित कर तमता के लिए रवाना किया गया। तमता पहाड़ के नीचे नाकाबंदी किया गया।

## जहां नो पार्किंग का बोर्ड वहीं भारी गाड़ियों की लगी कतार, यातायात की बढ़ी समस्या

**रायगढ़।** नेशनल हाईवे कांशीराम चौंक पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। दुर्घटनाओं के कारण अखबारों में इस चौंक को डेथ जोन और ब्लैक स्पॉट के नाम से भी कई खबरें प्रकाशित हो चुकी है। यहां हाईवे से लगी महिंद्रा गोदाम साल्वेट और कई ट्रांसपोर्ट की संचालित हैं।

■ छातामुड़ा के करीब ब्लैक स्पॉट पर ट्रांसपोर्ट वाहनों का जमावड़ा

इन ट्रांसफोर्ट और गोदामों में प्रतिदिन कई दर्जन भारी वाहनों का आवागमन लगा रहता है। जिनमें ज्यादातर सीमेंट लोड गाडियां होती हैं। ये भारी वाहन हाईवे सड़क पर ही गाडियां खड़ी कर अनलोड होने तक अपनी बारी का इंतजार करते हैं जबकि इन ट्रांसपोर्ट और गोदामों के अंदर भी गाडियों को खड़ी करने की पर्याप्त व्यवस्था है। बरसात के दिनों में सीमेंट लोड गाडियां 2 से 3 तक भी खड़ी रहती हैं क्योंकि बारिश होने पर गोदामों में सीमेंट खाली नहीं कराया जाता है। इस डेथ जोन की खबरों में सुर्खियां बनने के बाद यातायात विभाग के उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर इस ब्लैक स्पॉट पर नो पार्किंग का फ्लेक्स लगाया गया था लेकिन बड़ी विडंबना है कि नो पार्किंग में सुबह से देर रात तक दर्जनों भारी वाहनें बेतरतीब ढंग से खड़ी रहती है। इस ब्लैक स्पॉट में खड़ी भारी वाहनें दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। यहां यातायात सिग्नल भरोसे है और कोई भी विभागीय नुमाइंदे कांशीराम चौंक पर नियमित सेवाए नहीं देते हैं। इस व्यस्ततम हाइवे पर खड़ी भारी वाहनों से सड़क संकरी हो जाती है जिससे राहगीरों को बहुत परेशानियां होती है।




## नो प्लास्टिक कैपेन, पेपर बैग बना कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पालीथिन से पर्यावरण पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों पर गंभीर चिंता जताते हुए शहरवासियों को भी आगाह किया और प्लास्टिक का उपयोग बंद करने की अपील की। स्कूल के बच्चों ने पेपर से एक से बढक़र एक सुंदर सुंदर बैग्स बनाए।

बच्चों ने स्कूल व शहर के बाजार में पहुंचकर अपने हाथों से बनाए बैग्स भी सब्जी विक्रेताओं व ठेले.गुमटियों में वितरित किए। नन्हे मुन्ने बच्चों की इस मार्मिक अपील का शहरवासियों में अच्छा प्रतिसाद देखने को मिला। सभी ने स्कूल व बच्चों की इस पहल को अनुकरणीय बताते हुए पालीथिन का उपयोग नहीं करने की बात भी कही। संस्कार स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों के साथ सामाजिक सरोकार के तहत विभिन्न कार्य करती है।

## धनसीर, देवसागर और गोपालपुर में राजस्व शिविर आज

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ राजस्व अनुविभाग में 16 जुलाई को धनसीर, देवसागर और गोपालपुर में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत धनसीर के शिविर में खैरझिटी 16, छुईहा 16, जोगीडीपा 16, टेंगनाकछार 16, धनसीर 17, धौराभाठा 17 के ग्रामीण और भटगांव तहसील के ग्राम देवसागर के शिविर में ग्राम सेमराडीह, देवसागर, नोहरपाली, दुल्लापुर, झुमरपाली, टेडीभदरा, डोंगियाभाठा, गगोरीटाडा के नागरिक तथा सरसींवा तहसील के गोपालपुर के शिविर में ग्राम भिनोदी, भिनोदा, सेमरिया, मुच्छमल्दा, शीतलपुर, खम्हरिया, गोपालपुर, धौराभाठा, साजापाली के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं।

नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी.1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

### कोसीर, देवगांव और सांकरा में राजस्व शिविर आज

**सारंगढ़।** सारंगढ़ राजस्व अनुविभाग के ग्राम कोसीर, देवगांव और सांकरा में 16 जुलाई को राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। सारंगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत कोसीर के शिविर में भदरा, सिंघनपुर, पासीद, मल्दा अए रेल्हा, कोसीर, भांठागांव, कपिस्दा, कुम्हार, पाट, अंडोला, दहिदा, नवापारा, बटाउपाली अ, रक्शा, सिलयारी के ग्रामीण और बरमकेला तहसील के ग्राम पंचायत देवगांव के शिविर में देवगांव, नाचनपाली, बार के ग्रामीण तथा सरिया तहसील के ग्राम सांकरा के शिविर में बोरिदा, ठेंगागुडी, सांकरा, रामपुर, मोहदी, रैबो डुबग्राम और भरतपुर विरान के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार, एसडीएम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी.1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

## एमएसपी स्टील में क्रेन मरम्मत करने के दौरान फिटर की मौत

**रायगढ।** जामगांव स्थित एमएसपी फैक्ट्री में क्रेन की रिपेयरिंग के दौरान क्रेन रोप में फंस कर फिटर की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपते हुए जांच शुरू कर दी है। उक्त घटना चक्रधरनगर थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिहार के बेगुसराय जिला अंतर्गत ग्राम आगापुर निवासी नरेश पासवान पिता स्व. लुटन पासवान उम्र 42 वर्ष विगत कई वर्षों से रायगढ़ के जामगांव में रहकर एमएसपी फैक्ट्री में फिटर के पद पर काम कर रहा था।

बीती रात वह ड्यूटी गया था और एसएमएस डिवीजन में काम करने के दौरान क्रेन का मेन हाल्ट खराबी आने पर नरेश अन्य सहयोगियों के साथ उसे रिपेयर करने क्रेन पर चढ़ा था। कुछ देर बाद क्रेन अचानक चालू हो गई और लोडर निचे आने लगा। ऐसे में किसी दुर्घटना की आशंका से सभी निचे उतरे तो उन्होने देखा कि नरेश नहीं उतरा है।

थोड़ी देर में क्रेन के मुआयना करने पर नरेश की लाश पड़ी हुई थी और उसके शरीर के कई अंग कटे हुए थे। घटना की जानकारी उद्योग प्रबंधन को होने पर पुलिस को सूचना दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पीएम के बाद पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए नरेश के शव को परिजनों को सौंप दिया है तथा घटना की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## ढाई लाख रुपए लेकर महिला सहायता समूह की लीडर गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महिला स्वसहायता समूह की ग्रुप लीडर ने ही अपने ग्रुप की महिलाओं के नाम पर अलग अलग जगह से तकरीबन सवा दो लाख रूपए फायनेंस कराने के बाद बजाय किश्त जमा करने के बाद वह फरार हो गई। पीड़ित महिला को जब किश्त जमा करने संबंधित बैंक ने कहा तब उसे अपने साथ हुई धोखे की जानकारी हुई। पीड़िता ने तदाशय की रिपोर्ट थाने में कराई है। पुलिस ने आरोपी ग्रुप लीडर पर धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर उसकी पतासाजी प्रारंभ कर दी है। उक्त वाक्या खरसिया थाना क्षेत्र का है।

■ खरसिया थाने में शिकायत

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया के गंज पीछे निवासी सुनीता बघेल पति रामनारायण बघेल महिला स्व सहायता समूह की सदस्या है। उनके मोहल्ले के ही रहने वाली दुर्गा महंत पति दशरथ महंत को जब भी रूपए की जरूरत होती थी, समूह के नाम से फायनेंस करा कर लेती थी और समय पर राशि का भुगतान भी कर देती थी। इससे सभी महिलाओं में उसके प्रति विश्वास जमा हुआ था। इसी का फायदा उठाते हुए दुर्गा महंत ने सुनीता से कहा कि उसके भाई की शादी है। रूपयों की आवश्यकता है तुम अपने फायनेंस कंपनी से रूपए निकाल कर दे दो जो भी किश्त होगी मैं दे दूंगी।

उसकी बातों पर विश्वास करते हुए सुनीता ने आशीर्वाद बैंक से 40 हजारए बंधन बैंक से एक लाख व एसव्हीसीएल बैंक से 55 हजार तथा भारत फायनेंस से 30 हजार रूपए कुल दो लाख 25 हजार रूपए उसे दिया था। कुछ माह तक तो दुर्गा ने किश्त जमा किया लेकिन उसके बाद किश्त जमा नहीं होने से बैंक की ओर से सुनीता को किश्त जमा करने के लिए कहा गया, तब उसे जानकारी हुई कि दुर्गा किश्त की राशि जमा नहीं कर रही है। सुनीता जब किश्त जमा करने के लिए कहने दुर्गा के घर गई तो वह वहां से फरार हो गई। पीड़िता ने अपने साथ हुए धोखे की रिपोर्ट ने खरसिया थाने में कराते हुए बताया कि किश्त की राशि अब उसे जमा करना पड़ रहा है। पुलिस ने सुनीता बघेल की रिपोर्ट पर आरोपी दुर्गा महंत के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर उसकी पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

## छात्र की गाड़ी की डिक्की से 80 हजार की उठाईगिरी

**रायगढ़।** दिनदहाड़े एक उठाईगिरी का मामला सामने आया है। एक छात्र की गाड़ी की डिक्की से 80 हजार रुपए पार कर दिए गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आईडीएफसी बैंक से रुपए निकालने के बाद छात्र ने उसे अपनी स्कूटी की डिक्की में रखा। इसके बाद वह इसाफ बैंक गया और रुपए निकालकर वापस आया। जब उसने डिक्की खोला तो पाया कि वाहन में पहले रखे हुए 80 हजार रुपए गायब हैं। वह उठाईगिरी का शिकार हो गया था। शहर के राजीव नगर कोतरारोड क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहा छात्र ओमकर साहू घरेलू काम के लिए आईडीएफसी बैंक से 90 हजार रुपए निकाले थे। उसने 10 हजार रुपए अपनी जेब में और 80 हजार रुपए स्कूटी की डिक्की में रखे थे। इसके बाद कार्मेल स्कूल के सामने स्कूटी खड़ी कर आधार कार्ड की कॉपी कराने के बाद वह इसाफ बैंक जगतपुर गया। बैंक के बाहर स्कूटी खड़ी कर बैंक जाकर 95 हजार रुपए निकालकर वापस आया। जब उसने रुपए रखने के लिए स्कूटी की डिक्की खोली, तब देखा कि पहले रखे 80 हजार रुपए गायब हैं। बताया जा रहा है कि छात्र ने आईडीएफसी बैंक से पहले 90 हजार और फिर इसाफ बैंक से 95 हजार रुपए निकाले। लेकिन इतने रुपए किस काम के लिए निकाले गएए इसका जिक्र पीड़ित द्वारा दर्ज कराए गए रिपोर्ट में नहीं है।

घटना 10 जुलाई की बताई जा रही है और रिपोर्ट तीन दिन बाद दर्ज कराई गई है। इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बताया कि मामले में सीसीटीवी फुटेज मिला है। इसकी जांच की जा रही है। आरोपी की तालाश के लिए पुलिस जुटी हुई है।

### किसान 31 तक करा सकते हैं फसल बीमा

**जशपुरनगर।** मानसून आने के पश्चात खरीफ फसलों की बोनी कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। जिसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 के तहत फसल को प्रतिकूल मौसम, बाढ, कीट व्याधी, ओला वृष्टि, जल भराव, बादल फटने, आकासीय बिजली, आदि प्राकृतिक आपदाओं, कम वर्षा या विपरित मौसम अवस्थाओं के कारण बुवाई विफलता, फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु रखी फसल को ओला वृष्टि, चक्रवात, बे-मौसम-चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान की पात्रता होगी।

टॉप इन रायगढ़

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146